rtuonline.com

## Second Paper (Cost Accounting)
### PART-I (OBJECTIVE)

1. (i) What is opportunity cost?
अवसर लागत क्या है ?

(ii) Give any two techniques of costing.
परिव्ययांकन की कोई दो प्रविधियाँ बताइये।

(iii) What do you mean by indirect material ?
अप्रत्यक्ष सामग्री से आपका क्या आशय है ?

(iv) What is meant by ghost worker?
भूतहा श्रमिक से क्या आशय है ?

(v) What do you mean by allocation of overheads?
उपरिव्ययों के आबंटन से आपका क्या आशय है ?

(vi) Which method of costing is most suitable in coal industry?
कोयला उद्योग में परिव्ययांकन की कौन सी विधि सर्वाधिक उपयुक्त है ?

(vii) Explain escalation clause in the context of contract costing.
ठेका लागत के सन्दर्भ में वृद्धि वाक्यांश अथवा सोपान धारा को समझाइये।

(viii) What is operating costing method?
परिचालन लागत निर्धारण विधि क्या है ?

(ix) Why cost and financial accounts are reconciled?
लागत एवं वित्तीय लेखों का मिलान क्यों किया जाता है ?

(x) What do you understand by Cost Control Account?
लागत नियंत्रण खाते से आप क्या समझते हैं ?

2.(i) Annual consumption of a commodity is 5,000 units. The per order cost is Rs. 64 and per unit cost is Rs. 100. The storage cost is 16% of average cost of material. What will be the Economic Order Quantity?
वस्तु का वार्षिक उपभोग 5,000 इकाइयाँ हैं। प्रति इकाई आदेश लागत रुपये 64 है तथा प्रति इकाई लागत रुपये 100 है। भण्डारण लागत औसत सामग्री लागत का 16 प्रतिशत है। आर्थिक आदेश मात्रा क्या होगी ?

(ii) Ascertain the amount of bonus and total wages under Emerson Plan with the help of following information:
Standard output in 10 hours : 240 units
Actual output in 10 hours : 264 units
Wages rate : Rs. 10.00 per hour
इमरसन योजना के अन्तर्गत बोनस की राशि और कुल मजदूरी ज्ञात कीजिये :

rtuonline.com

rtuonline.com

rtuonline.com

rtuonline.com

rtuonline.com

प्रमाप उत्पादन 10 घंटों में : 240 इकाइयाँ
वास्तविक उत्पादन 10 घंटों में : 264 इकाइयाँ
मजदूरी दर : रुपये 10.00 प्रति घंटा

(iii) The cost of manufacturing 400 units of an article was Rs. 1,600 when 600 units of the same article were produced, the cost incurred was Rs. 2,000, segregate the fixed and variable part of the cost.
किसी वस्तु की 400 इकाइयाँ बनाने पर रुपये 1,600 की लागत आयी। जब 600 इकाइयाँ बनायी जाती हैं तो लागत रुपये 2,000 आती है। स्थिर व परिवर्तनशील लागतों को पृथक्-पृथक् कीजिये।

(iv) What is the difference between by-product and joint product?
गौण उत्पाद व सह-उत्पाद में क्या अन्तर है ?

(v) From the following information ascertain profit as per cost books:
निम्नलिखित सूचनाओं से लागत लेखों द्वारा प्रकट लाभ ज्ञात कीजिये :

| | | |
|---|---|---|
| (a) | Profit as per financial books | 6,78,500 |
| (b) | Items not recorded in cost accounts e.g. interest, dividend and income from investments | 41,500 |
| (c) | Under charging of depreciation in financial books | 11,500 |
| (d) | Items not recorded in cost accounts e.g. loss on sale of machinery, transfer to dividend fund and discount on issue of debentures | 1,61,000 |

### PART-II (DESCRIPTIVE)
**Maximum marks : 60**
#### Section-A

3. Explain the following:—(i) Bin Card (ii) Material received note (iii) Preventive costs (iv) Idle time (v) Wages abstract
निम्नलिखित को समझाइये—(1) बिन कार्ड (2) सामग्री प्राप्ति पत्र (3) निरोधक लागतें (4) कार्यहीन समय (5) मजदूरी सार

4. The following information relates to the activities of a production department of a factory for a certain period :
निम्नलिखित सूचना एक कारखाने के उत्पादन विभाग के एक निश्चित समय की क्रियाओं से सम्बन्धित है:

| | |
|---|---|
| Direct Material | Rs. 50,000 |
| Direct wages | Rs. 30,000 |
| Labour hours worked | 10,000 hours |
| Hours of machine operation | 4,000 hours |
| Overhead chargeable to the department | Rs. 20,000 |

The details of Job No. 555 carried out during the period were as follows:

rtuonline.com

rtuonline.com

इस अवधि में पूरे किये गये उप कार्य संख्या 555 के विवरण इस प्रकार हैं :

| | | | |
|---|---|---|---|
| Direct Material | Rs. 2,000 | Labour hours | 410 |
| Direct Wages | Rs. 1,500 | Machine hours | 150 |

Prepare a comparative statement of cost by using five different methods of overhead absorption.

उपरिव्ययों के अवशोषण की पाँच विभिन्न विधियों को प्रयोग में लेते हुए तुलनात्मक लागत का एक विवरण तैयार कीजिये।

## Section-B

5. A contractor who prepares his account on 31st March each year, commences the Contract No. 101 on 1st July, 2011. The information on 31st March 2012 is as under :

| | |
|---|---|
| Material sent to site | Rs. 2,51,000 |
| Labour engaged | Rs. 5,65,600 |
| Foreman | Rs. 81,300 |

A machine costing Rs. 2,60,000 has been on the site for 146 days. Its working life is estimated at 7 years and its final scrap value at Rs. 15,000. A supervisor who is paid Rs. 8,000 per month had devoted approximately 1/2 of his time to this contract. The other expenses and administration charges amounted to Rs. 1,36,500. Material at site on 31st March, 2012 cost Rs. 35,400. The contract price is Rs. 20 lakhs. Up to 31st March, 2012, 2/3 of the contract was completed; architect's certificate had been issued covering 50% of the contract price and Rs. 7,50,000 had so far been paid in cash on account.

Prepare the Contract Account and state as to how much profit should be credited to P & L Account for the year ending 31st March, 2012.

एक ठेकेदार ने, जो कि अपने खाते प्रति वर्ष 31 मार्च को तैयार करता है, एक ठेका संख्या 101, 1 जुलाई, 2011 को प्रारम्भ किया। 31 मार्च, 2012 को उस ठेके से सम्बन्धित सूचना निम्न प्रकार है :

| | |
|---|---|
| स्थल पर भेजी गयी सामग्री | रुपये 2,51,000 |
| लगाये गये श्रमिकों की मजदूरी | रुपये 5,65,600 |
| फोरमैन | रुपये 81,300 |

एक मशीन जिसकी लागत रुपये 2,60,000 है, ठेका स्थल पर 146 दिन रही। इसकी जीवन काल 7 वर्ष और उसका अवशिष्ट मूल्य रुपये 15,000 अनुमानित किया गया। एक सुपरवाइजर, जिसको कि रुपये 8,000 प्रति माह दिये जाते हैं, ने अपने समय का लगभग आधा समय इस ठेके पर व्यतीत किया है। अन्य व्यय एवं प्रशासनिक खर्चे रुपये 1,36,500 हुए। 31 मार्च, 2012 को कार्य स्थल पर सामग्री का लागत मूल्य रुपये 35,400 था। ठेका मूल्य रुपये 20 लाख है। 31 मार्च, 2012 तक ठेके का 2/3 भाग पूर्ण हो गया था, शिल्पकार द्वारा जो प्रमाण-पत्र निर्गमित किये गये उनका मूल्य ठेका मूल्य के 50 प्रतिशत के बराबर था और आंशिक भुगतान में रुपये 7,50,000 नकद चुका दिये गये थे।

ठेका खाता तैयार कीजिये और बताइये कि कितना लाभ 31 मार्च, 2012 को समाप्त होने वाली अवधि के लिए लाभ-हानि खाते को क्रेडिट किया जाये।

6. Define process costing. Describe the general principles of this type of costing and give its salient features. To which industries is this method applicable?

प्रक्रिया लागत लेखांकन की परिभाषा दीजिये। इस प्रकार के लागत लेखांकन के सामान्य सिद्धान्तों का वर्णन कीजिये तथा उसकी प्रमुख विशेषताएँ बताइये। यह विधि किस प्रकार के उद्योगों में लागू होती है ?

## Section C

7. The details regarding the composition and the weekly wages rates of labour force engaged on a job scheduled to be completed in 30 weeks are as follows:

एक उपकार्य पर लगायी गयी श्रमिक शक्ति की संरचना तथा साप्ताहिक मजदूरी दरों के विवरण निम्न प्रकार हैं। उक्त उपकार्य को 30 सप्ताह में किये जाने का निश्चिय किया गया है :

| Category of workers | Standard No. of labourers | Standard Weekly wage rate per worker | Actual No. of labourers | Actual Weekly wage rate per labour |
|---|---|---|---|---|
| Skilled | 75 | 60 | 70 | 70 |
| Semi-skilled | 45 | 40 | 30 | 50 |
| Unskilled | 60 | 30 | 80 | 20 |

The work is actually completed in 32 weeks. Calculate the various labour variances.

कार्य वास्तव में 32 सप्ताह में समाप्त हुआ। विभिन्न श्रम विचरणों की गणना कीजिये।

8. Write short notes on the following :

(i) Break-even point (ii) Angle of incidence (iii) Margin of safety (iv) Profit graph (v) Contribution and contribution ratio

निम्नलिखित पर संक्षिप्त टिप्पणियाँ लिखिये:

(अ) सम विच्छेद बिन्दु (ब) प्रभाव क्षेत्र का कोण (स) सुरक्षा सीमा (द) लाभ लेखाचित्र (य) अंशदान एवं अंशदान अनुपात

rtuonline.com
rtuonline.com
rtuonline.com
rtuonline.com
rtuonline.com
rtuonline.com
rtuonline.com